NT>

Title: Demand to take action against culprits and need to provide protection to the seven students of Bihar beaten up, studying in Gulbarga Engineering College, Karnataka.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस ओर ले जाना चाहता हूं कि कर्नाटक में गुलबर्गा केइंजीनियरिंग कालेज में पढ़ रहे बिहार के ७ छात्रों को पीटा गया....

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have called Shri Sushil Kumar Singh.

श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, आपको पता है कि श्री लालू यादव एक राष्ट्रीय नेता हैं, इस सदन के सम्माननीय सदस्य हैं। न वे देशद्रोही हैं, न अपराधी हैं। उनपर किसी न किसी तरह आरोप लगाया गया है मैं आपके माध्यम से इस सदन में सभी एम.पीज़ को चुनौती देकर कह रहा हूं कि श्री लालू प्रसाद पर लगाये गये आरोपों में से एक भी सही नहीं है कियोंकि किसी कागज़ पर दस्तख्त नहीं, किसी पर कोई आर्डर नहीं...

MR. SPEAKER: You cannot discuss here matters pending in a court. You are a senior Member.

* Not Recorded.

श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, सरकार आज जो कुछ कहती है वह सी.बी.आई. कार्यवाही कर रही है और उनकी ज़मानत में बाधा डाल रही है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि आप सदन के संरक्षक हैं, आप माननीय नेता हैं, इसलिये आपसे प्रार्थना है......

SHRI RAJESH PILOT (DAUSA): Mr. Speaker, Sir, there have been some traditions in this House.

MR. SPEAKER: Let me hear him. After that I will see.

श्री सुशील कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, बिहार के उन ७ छात्रों को पीटा गया जो हॉस्पिटलाइज्ड हैं। इनमें दो कश्मीरी, एक एन.आर.आई. और चार बिहारी छात्र हैं। इन छात्रों की तरफ से तीन-तीन बार एफ.आई.आर. दर्ज हुई है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। छात्र होस्टल में कैद हैं। बाहर निकलने पर उनकी अभी भी पिटाई की जा रही है। मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान आकर्षित करते हुये कहना चाहता हूं कि इस विषय में कार्यवाही होनी चाहिये और उन छात्रों को सुरक्षित रहने का हक मिलना चाहिये।